अतिमहत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण / ईमेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / अनु04 / वि0से0परी0–2024 / 4048 लखनऊः दिनांकः– 18/12/2024

विषयः विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2024 के अनन्तिम संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय पत्र संख्या प्राशिप / अनु04 / 2024 / 8909, दिनांक 13.12.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से परिषद की विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2024 के आयोजन हेतु संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विस्तृत रूप से परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध कराने के साथ यदि परीक्षा कार्यक्रम में कोई पेपर छूट गया है अथवा पेपर में क्लेशिंग है तो उसकी सूचना परिषद की ईमेल आई0डी anubhag4bte@gmail.com पर दिनांक 14.12.2024 तक प्रेषित करने के निर्देश प्रदान किये गये थे।

अवगत कराना है कि उपरोक्त निर्देशों के अनुक्रम में कतिपय संस्थाओं द्वारा परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में सूचना परिषद कार्यालय को प्रेषित की गयी है, जिस पर कार्यवाही करते हुए विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2024 का अनन्तिम संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विस्तृत रूप में परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही यह भी अवगत कराना है विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–2024 के ऐसे छात्र / छात्राएं जिनकी विषम सेमेस्टर में बैक है, तथा सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम में यदि वह विषय अंकित नहीं है तो ऐसे छात्र / छात्राएं विशेष बैक पेपर के परीक्षा कार्यक्रम में अंकित संबंधित विषय की परीक्षा में निर्धारित तिथि पर सम्मिलित हो सकते हैं।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त परीक्षा कार्यक्रम का भलि–भांति अवलोकन कर लें तथा छात्र / छात्राओं अपने स्तर से अवगत कराते हुए उक्त सूचना संस्था नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु04 / वि0से0परी0–2024 / 4049-54 तद्दिनांकः– 18/12/2024

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ।
5. समस्त अनुभाग अधिकारी / प्रभारी को इस निर्देश के साथ उपरोक्त परीक्षा की अपने अनुभाग से संबंधित समस्त तैयारी समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
6. अनुभाग प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना परिषद वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव